रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 22/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **एक पिंड 2.5 N के एक नियत बल की क्रिया के अंतर्गत, बल की दिशा के विपरीत दिशा में 10 m का विस्थापन करता है। इस बल की क्रिया के अंतर्गत किया गया कार्य कितना होगा?**

**Ans**
- ✗ A. +2.5 J
- ✓ B. −25 J
- ✗ C. −2.5 J
- ✗ D. +25 J

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा, एक गंध सूचक (olfactory indicator) नहीं है?**

**Ans**
- ✗ A. वनीला अर्क (Vanilla extract)
- ✗ B. प्याज (Onion)
- ✓ C. हल्दी (Turmeric)
- ✗ D. लौंग का तेल (Clove oil)

**Q.3** **निम्नलिखित कॉलमों को उपकरण और उद्देश्य से सुमेलित कीजिए।**

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| A. लिटमस पेपर | 1. अम्लीय या क्षारीय प्रकृति का पता लगाने के लिए |
| B. वॉच-ग्लास | 2. परीक्षण विलयनों की बूँदें रखने के लिए |
| C. टेस्ट ट्यूब | 3. विलयनों को सुरक्षित रूप से रखने और मिलाने के लिए |
| D. संकेतक विलयन | 4. अम्ल या क्षार की पहचान करने के लिए रंग परिवर्तन दर्शाता है |

**Ans**
- ✗ A. A-3; B-4; C-1; D-2
- ✗ B. A-4; B-1; C-2; D-3
- ✓ C. A-1; B-2; C-3; D-4
- ✗ D. A-2; B-3; C-4; D-1

**Q.4** **एक उत्तल लेंस अपने से 30 cm की दूरी पर स्थित किसी वस्तु का वास्तविक प्रतिबिंब बनाता है। यदि प्रतिबिंब लेंस के दूसरी ओर 60 cm की दूरी पर बनता है, तो लेंस की फोकस दूरी कितनी होगी?**

**Ans**
- ✗ A. 10 cm
- ✓ B. 20 cm
- ✗ C. 15 cm
- ✗ D. 30 cm

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | पौधों में नर और मादा जनन कोशिकाओं के बीच संलयन का तत्काल परिणाम क्या होता है? | |
| Ans | ✗ A. पराग नली | |
| | ✗ B. बीजांड | |
| | ✗ C. बीज आवरण | |
| | ✓ D. युग्मनज | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | कोलॉइड के गुणधर्मों के संबंध में सही कथन का चयन करें। | |
| Ans | ✗ A. कोलॉइड एक समांगी मिश्रण है। | |
| | ✗ B. कोलॉइड विलयन के घटक परिक्षिप्त प्रावस्था नहीं होते हैं। | |
| | ✗ C. इन्हें निस्पंदन प्रक्रिया द्वारा मिश्रण से पृथक किया जा सकता है। | |
| | ✓ D. परिक्षेपण माध्यम वह घटक है जिसमें उसकी प्रावस्था निलंबित रहती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित में से कौन-सा, निषेचन का परिणाम नहीं है? | |
| Ans | ✗ A. युग्मज निर्माण (Zygote formation) | |
| | ✗ B. प्लैसेन्टा निर्माण (Placenta formation) | |
| | ✓ C. अंडे का निर्माण (Egg formation) | |
| | ✗ D. भ्रूण निर्माण (Embryo formation) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | pH में 'p' का अर्थ __________ होता है और इसका उपयोग _________________ सांद्रता को मापने के लिए किया जाता है। | |
| Ans | ✓ A. पोटेंज (Potenz); हाइड्रोजन आयन | |
| | ✗ B. पोटेंसियल (Potential); हाइड्रॉक्साइड आयन | |
| | ✗ C. पोटेंज (Potenz); हाइड्रॉक्साइड आयन | |
| | ✗ D. पोटेंसियल (Potential); हाइड्रोजन आयन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | किसी वस्तु को अवतल लेंस के मुख्य अक्ष के अनुदिश कहीं भी रखा जाता है। प्रतिबिंब सदैव ___________ बनेगा। | |
| Ans | ✓ A. फोकस (F) और प्रकाशिक केंद्र (O) के बीच | |
| | ✗ B. फोकस (F) पर | |
| | ✗ C. फोकस दूरी की दोगुनी (2F) दूरी पर | |
| | ✗ D. फोकस दूरी की दोगुनी (2F) से अधिक दूरी पर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | यह मानते हुए कि वस्तु का द्रव्यमान स्थिर रहता है, यदि प्रयुक्त बल को चार गुना कर दिया जाए, तो वस्तु के त्वरण में क्या परिवर्तन होगा? | |
| Ans | ✓ A. त्वरण 4 के गुणक में बढ़ जाएगा। | |
| | ✗ B. त्वरण 4 के गुणक में घट जाएगा। | |
| | ✗ C. त्वरण समान रहेगा, लेकिन परिवर्तन की अवधि घट जाएगी। | |
| | ✗ D. त्वरण 2 के गुणक में बढ़ जाएगा। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | अनाज के अनुचित भंडारण के क्या परिणाम हो सकते हैं? | |
| Ans | ✗ A. मजबूत अनाज | |
| | ✗ B. अधिक सुगंध | |
| | ✗ C. बेहतर पोषण | |
| | ✓ D. कीटों का हमला और खराब होना | |

| Q.12 | यदि एक कार 5 सेकंड में 100 m चलती है, तो उसका रैखिक वेग कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15 m/s |
| | ✓ B. 20 m/s |
| | ✗ C. 10 m/s |
| | ✗ D. 25 m/s |

| Q.13 | प्रतिरोधकों के समान्तर कनेक्शन के बारे में कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रत्येक प्रतिरोधक समान धारा वहन करता है चाहे प्रतिरोध कुछ भी हो। |
| | ✗ B. कुल धारा किसी भी शाखा से प्रवाहित धारा के समान होती है। |
| | ✗ C. अधिक प्रतिरोधकों को जोड़ने पर कुल प्रतिरोध बढ़ जाता है। |
| | ✓ D. कुल धारा, अलग-अलग प्रतिरोधकों से प्रवाहित धाराओं का योग होती है। |

| Q.14 | संतृप्त हाइड्रोकार्बन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच दोहरा या तिहरा बंध हो सकता है। |
| | ✗ B. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक दोहरा बंध होता है। |
| | ✓ C. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच केवल एकल बंध होता है। |
| | ✗ D. इनमें कार्बन-कार्बन परमाणुओं के बीच कम से कम एक तिहरा बंध होता है। |

| Q.15 | फ्लोएम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. फ्लोएम भोजन को पत्तियों से अन्य भागों तक पहुँचाता है। |
| | ✗ B. फ्लोएम पूरी तरह से मृत कोशिकाओं से बना होता है। |
| | ✗ C. फ्लोएम खनिजों को जड़ों से पत्तियों तक पहुँचाता है। |
| | ✗ D. फ्लोएम केवल जल को ऊपर की ओर पहुँचाता है। |

| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, सामान्यतः न्यूरॉन (neuron) का सबसे लंबा भाग बनाता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. तंत्रिकाक्ष (Axon) |
| | ✗ B. कोशिका काय (Cell body) |
| | ✗ C. तंत्रिका सिरा (Nerve ending) |
| | ✗ D. अंतर्ग्रथन (Synapse) |

| Q.17 | कुछ जीव किसी भी तल से विभाजन द्वारा द्वि-खंडन दर्शाते हैं, लेकिन कुछ निर्धारित अभिविन्यास से विभाजन दर्शाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा, द्वि-खंडन का निर्धारित अभिविन्यास दर्शाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पैरामीशियम (Paramecium) |
| | ✓ B. लीशमैनिया (Leishmania) |
| | ✗ C. प्लाज्मोडियम (Plasmodium) |
| | ✗ D. अमीबा (Amoeba) |

| Q.18 | एक लकड़ी के गुटके का भार 49 N (भ्रस्ट) है। यदि इस गुटके को 0.02 $m^2$ संपर्क क्षेत्रफल वाली मेज पर रखा जाए, तो मेज पर परिणामी दाब कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 49 Pa |
| | ✗ B. 980 Nm-2 |
| | ✗ C. 612.5 Nm-2 |
| | ✓ D. 2450 Nm-2 |

| Q.19 | निम्नलिखित में से आवृत्ति और आवर्तकाल का कौन-सा युग्म ठीक प्रकार से संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1 Hz और 2 s |
| | ✗ B. 5 Hz और 5 s |
| | ✓ C. 10 Hz और 0.1 s |
| | ✗ D. 2 Hz और 0.2 s |

| Q.20 | बोर के अनुसार, इलेक्ट्रॉन _____________ । |
|---|---|
| Ans | ✓ A. कोश कहलाने वाले निश्चित वृत्ताकार कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं |
| | ✗ B. परमाणु के नाभिक के अंदर परिक्रमण करते हैं |
| | ✗ C. केवल तभी परिक्रमण करते हैं जब ऊर्जा अवशोषित होती है |
| | ✗ D. दीर्घवृत्ताकार कक्षाओं में यादृच्छिक रूप से परिक्रमण करते हैं |

| Q.21 | निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजी ऊतक का प्रकार नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. उपकला |
| | ✗ B. अस्थि |
| | ✗ C. रक्त |
| | ✗ D. उपास्थि |

| Q.22 | कौन-सी पेशी ऐच्छिक होती है तथा उसमें हल्के और गहरे रंग की पट्टियाँ दिखाई देती हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. रेखित पेशी |
| | ✗ B. चिकनी पेशी |
| | ✗ C. अरेखित पेशी |
| | ✗ D. हृद् पेशी |

| Q.23 | किसी ठोस को गर्म करने पर कणों का क्या होता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. वे अधिक ऊर्जा के साथ कंपन करते हैं। |
| | ✗ B. वे टूटकर अन्य तत्वों में परिवर्तित जाते हैं। |
| | ✗ C. वे आपस में अन्योन्यक्रिया पूरी तरह बंद कर देते हैं। |
| | ✗ D. वे जम जाते हैं और स्थिर हो जाते हैं। |

| Q.24 | R Ω के एक प्रतिरोधक पर V वोल्ट का विभवांतर प्रयुक्त किया जाता है, फिर इसमें I एम्पियर की धारा प्रवाहित होती है। प्रतिरोध को समान रखते हुए, विभवांतर का मान किस प्रकार बदला जाए कि प्रतिरोध से प्रवाहित होने वाली धारा दोगुनी हो जाए? (अन्य सभी प्राचल समान रखें।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. V/2 वोल्ट |
| | ✓ B. 2V वोल्ट |
| | ✗ C. V वोल्ट |
| | ✗ D. V/4 वोल्ट |

| Q.25 | 2-मेथिलप्रोपेन का आण्विक सूत्र निम्नलिखित में से किसके समान है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पेन्टीन (Pentene) |
| | ✓ B. ब्यूटेन (Butane) |
| | ✗ C. पेन्टेन (Pentane) |
| | ✗ D. ब्यूटीन (Butene) |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | यदि किसी पुस्तक में छपी 4 पंक्तियों वाले एक कॉलम 63 शब्द हैं, तो 52 पंक्तियों वाले एक कॉलम में कितने शब्द होंगे? |
| Ans | ✗ A. 823 |
| | ✗ B. 829 |
| | ✗ C. 815 |
| | ✓ D. 819 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 9% की छूट देने के बाद, इसे ₹53,053 में बेचा जाता है। इसका अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 58,204 |
| | ✗ B. 58,132 |
| | ✗ C. 58,146 |
| | ✓ D. 58,300 |

| | |
|---|---|
| Q.28 | यदि किसी बेलन की त्रिज्या आधी कर दी जाए और उसकी ऊँचाई दोगुनी कर दी जाए, तो उसका आयतन _________________ । |
| Ans | ✗ A. समान रहेगा |
| | ✗ B. दोगुना हो जाएगा |
| | ✗ C. चार गुना बढ़ जाएगा |
| | ✓ D. आधा हो जाएगा |

| | |
|---|---|
| Q.29 | पूर्णांक 10 वाली किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 75 अंक मिले। B के अंक A के अंकों के कितने प्रतिशत थे? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
| Ans | ✓ A. 66.67% |
| | ✗ B. 82.35% |
| | ✗ C. 150.19% |
| | ✗ D. 75.55% |

| | |
|---|---|
| Q.30 | एक फार्म में मुर्गियां और खरगोश हैं, कुल मिलाकर 20 प्राणि हैं। पैरों की कुल संख्या 56 है। फार्म में कितनी मुर्गियां हैं? |
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 14 |
| | ✓ C. 12 |
| | ✗ D. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | A किसी कार्य के $\frac{1}{6}$ भाग को 13 दिनों में पूरा कर सकता है, B उसी कार्य के 34% भाग को 17 दिनों में पूरा कर सकता है, C उस कार्य के $\frac{1}{3}$ भाग को 19 दिनों में पूरा कर सकता है और D उसी कार्य के $\frac{3}{4}$ भाग को 15 दिनों में पूरा कर सकता है। कौन कार्य को पहले पूरा कर पाएगा? |
| Ans | ✗ A. B |
| | ✗ B. C |
| | ✓ C. D |
| | ✗ D. A |

| | |
|---|---|
| Q.32 | एक समबहुभुज में 2n भुजाएं हैं। दो आसन्न भुजाओं के बीच बना कोण (डिग्री में) कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. $\left(1-\frac{1}{n}\right)\times 90°$ |
| | ✗ B. $\left(1+\frac{1}{n}\right)\times 180°$ |
| | ✗ C. $\left(1+\frac{1}{n}\right)\times 90°$ |
| | ✓ D. $\left(1-\frac{1}{n}\right)\times 180°$ |

| | |
|---|---|
| Q.33 | अंजलि को ₹7,000 लागत वाले एक शर्ट पर कितना मूल्य अंकित करना चाहिए, ताकि 35% और 30% की क्रमिक छूट देने के बाद उसे 17% का लाभ हो? |
| Ans | ✗ A. ₹18,066 |
| | ✗ B. ₹18,070 |
| | ✓ C. ₹18,000 |
| | ✗ D. ₹18,138 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 62, 134 और 242 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होता है। |
| Ans | ✓ A. 36 |
| | ✗ B. 34 |
| | ✗ C. 38 |
| | ✗ D. 32 |

| | |
|---|---|
| Q.35 | PQRS एक समलंब चतुर्भुज है जिसमें PQ, SR के समांतर है और ∠QRS = 60° है। R को केंद्र मानकर और RQ को त्रिज्या मानकर एक चाप QAB खींचा जाता है जो SR को बिंदु B पर काटता है। A, चाप QAB पर स्थित एक स्वेच्छ बिंदु है। यदि PQ = QR = 14 cm और SB = 8 cm है, तो क्षेत्र PQABSP का क्षेत्रफल ($cm^2$ में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$, और $\sqrt{3} = 1.732$ लीजिए) |
| Ans | ✗ A. 110 |
| | ✗ B. 96 |
| | ✗ C. 102 |
| | ✓ D. 116 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | यदि $x + y = 12$ और $xy = 32$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 76 |
| | ✗ B. 84 |
| | ✓ C. 80 |
| | ✗ D. 88 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | P और Q मिलकर किसी टंकी को 12 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 48 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा? |
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 9 |
| | ✓ D. 4 |

| Q.38 | एक कार पहले घंटे में 128 km और दूसरे घंटे में 146 km चलती है। पूरी यात्रा में कार की औसत चाल (km/hr में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 145 |
| | ✗ B. 131 |
| | ✓ C. 137 |
| | ✗ D. 133 |

| Q.39 | ₹14,200 का कुल लाभ A, B और C के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि A : B = 13 : 9 और B : C = 18 : 11 हो। लाभ में C का हिस्सा (₹ में) कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2,840 |
| | ✗ B. 2,940 |
| | ✗ C. 2,740 |
| | ✗ D. 2,690 |

| Q.40 | यदि $\sqrt{72} + \sqrt{12} = a\sqrt{2} + b\sqrt{3}$ है, तो a – b का मान कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✓ C. 4 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.41 | रमन की आय ₹43,000 है। वह अपनी आय के 26% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 20% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____________ होगी। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹4,131 की वृद्धि |
| | ✗ B. ₹4,133 की वृद्धि |
| | ✗ C. ₹4,133 की कमी |
| | ✓ D. ₹4,128 की कमी |

| Q.42 | प्रेक्षणों 7, 5, 6, 3, 3, 7, 1, 7, 8, 7, 1, 4, 8, 8 और 4 का बहुलक ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 5 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 6 |
| | ✓ D. 7 |

| Q.43 | 20 से 40 के बीच अभाज्य संख्याओं के औसत तथा 10 से 30 के बीच 2 के गुणजों के औसत में अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 10 |
| | ✗ B. 20 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✗ D. 18 |

| Q.44 | दो मित्रों रूपेश और मंजीत की मासिक आय क्रमशः 5 : 9 के अनुपात में है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹36,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो रूपेश की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1,81,000 |
| | ✗ B. 1,79,000 |
| | ✗ C. 2,52,000 |
| | ✓ D. 1,80,000 |

| | |
|---|---|
| Q.45 | यदि P और 150 का माध्यानुपाती 120 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 96 |
| | ✗ B. 99 |
| | ✗ C. 98 |
| | ✗ D. 97 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | यदि $\sec\theta + \tan\theta = 4 + \sqrt{15}$ है, तो $\sec\theta - \tan\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 15 |
| | ✔ B. $4 - \sqrt{15}$ |
| | ✗ C. $4\sqrt{15}$ |
| | ✗ D. 10 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलने पर, अभिषेक अपने कार्यालय को 5 मिनट की देरी से पहुंचा।<br>अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है? |
| Ans | ✗ A. 7 मिनट |
| | ✗ B. 11 मिनट |
| | ✔ C. 15 मिनट |
| | ✗ D. 12 मिनट |

| | |
|---|---|
| Q.48 | एक व्यापारी किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है और 10% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 20% |
| | ✗ B. 30% |
| | ✗ C. 24% |
| | ✔ D. 26% |

| | |
|---|---|
| Q.49 | दो दोस्तों की उम्र का अनुपात 4:5 है। कुल मिलाकर उनकी उम्र 36 वर्ष है। बड़े दोस्त की उम्र कितनी है? |
| Ans | ✔ A. 20 वर्ष |
| | ✗ B. 22 वर्ष |
| | ✗ C. 16 वर्ष |
| | ✗ D. 18 वर्ष |

| | |
|---|---|
| Q.50 | ₹2,000 की राशि पर 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त राशि क्या होगी, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. ₹2,650 |
| | ✔ B. ₹2,645 |
| | ✗ C. ₹2,575 |
| | ✗ D. ₹2,667 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(14, 3, 42)<br>(12, 2, 24) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (18, 2, 9) |
| | ✓ B. (13, 3, 39) |
| | ✗ C. (15, 45, 3) |
| | ✗ D. (5, 8, 36) |

| Q.52 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>3 6 8 16 18 36 38 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 56 |
| | ✗ B. 84 |
| | ✗ C. 40 |
| | ✓ D. 76 |

| Q.53 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. GMOS |
| | ✗ B. AGIM |
| | ✗ C. UACG |
| | ✓ D. BHIM |

| Q.54 | मोहक बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, 11 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ ही होंगे।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 4 km, पश्चिम में |
| | ✓ B. 3 km, पूर्व में |
| | ✗ C. 3 km, पश्चिम में |
| | ✗ D. 4 km, पूर्व में |

| Q.55 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 58 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, जॉली बाएं छोर से 19वें स्थान पर बैठी है। यदि बेला, जॉली के दाएं 17वें स्थान पर बैठी है, तो पंक्ति के दाएं छोर से बेला का स्थान क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 23वां |
| | ✗ B. 20वां |
| | ✗ C. 22वां |
| | ✗ D. 24वां |

| Q.56 | आठ व्यक्ति (A, B, C, D, P, Q, R और S) एक गोल मेज के चारों ओर उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>B, S और P दोनों का निकटतम पड़ोसी है।<br>C, P के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।<br>R, D और Q दोनों का निकटतम पड़ोसी है।<br>A, Q के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।<br>C के सापेक्ष Q की स्थिति क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बाएं से दूसरा |
| | ✗ B. दाएं से दूसरा |
| | ✓ C. ठीक दाएं |
| | ✗ D. ठीक बाएं |

| Q.57 | अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, MHSD एक निश्चित तरीके से HDPB से संबंधित है। इसी प्रकार, LNPB, GJMZ से संबंधित है। इसी तर्क के आधार पर, SMUT किस विकल्प से संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. NIRR |
| | ✗ B. NIRQ |
| | ✗ C. MJQQ |
| | ✗ D. MJQR |

| Q.58 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>ZDF1, YGH3, XJJ9, WML27, ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. VPN81 |
| | ✗ B. WQM79 |
| | ✗ C. VQM81 |
| | ✗ D. WPM79 |

| Q.59 | उत्तर की ओर अभिमुख 55 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, नलिनी दाएं छोर से 20वें स्थान पर बैठी है। यदि रंजीत पंक्ति के बाएं छोर से 18वें स्थान पर बैठा है, तो नलिनी और रंजीत के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15 |
| | ✗ B. 16 |
| | ✓ C. 17 |
| | ✗ D. 14 |

| Q.60 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन: कुछ सीट, प्लेट हैं। सभी प्लेट, कुर्सी हैं।<br><br>निष्कर्ष (I): कुछ सीट, कुर्सी हैं।<br>निष्कर्ष (II): सभी कुर्सी, प्लेट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.61 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 7 3 6 2 9 5 1 3 5 2 1 7 8 4 6 5 7 9 4 3 1 4 6 7 2 9 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है? |
| Ans | ✔ A. एक |
| | ✘ B. दो |
| | ✘ C. तीन |
| | ✘ D. चार |

| | |
|---|---|
| Q.62 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>B, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, A का निकटतम पड़ोसी है। B, A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।<br>A के सापेक्ष E का स्थान क्या है? |
| Ans | ✘ A. बाईं ओर तीसरा |
| | ✘ B. दाईं ओर दूसरा |
| | ✘ C. ठीक दाईं ओर |
| | ✔ D. बाईं ओर दूसरा |

| | |
|---|---|
| Q.63 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा<br><br>85 100 120 145 175 ? |
| Ans | ✘ A. 215 |
| | ✘ B. 205 |
| | ✘ C. 195 |
| | ✔ D. 210 |

| | |
|---|---|
| Q.64 | दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।) गिनती बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 5 7 4 5 2 5 7 9 8 7 4 2 3 4 3 6 9 3 6 2 3 7 1 8 4 1 5 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है? |
| Ans | ✘ A. 4 |
| | ✘ B. 2 |
| | ✔ C. 3 |
| | ✘ D. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.65 | छह दोस्त - एडविन, प्रीति, सुनीता, जैकब, विक्टोरिया और सागर - एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। प्रीति और सुनीता दोनों का निकटतम पड़ोसी एडविन है। जैकब, सुनीता के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। विक्टोरिया, जैकब के दाएं दूसरे स्थान पर बैठी है। एडविन के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✘ A. सुनीता |
| | ✘ B. सागर |
| | ✘ C. प्रीति |
| | ✔ D. विक्टोरिया |

| Q.66 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी हेलमेट, नट हैं।<br>सभी हेलमेट, बिन हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ नट, बिन हैं।<br>(II) सभी बिन, हेलमेट हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| Q.67 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'TUNE' को '5279' और 'WAIT' को '1428' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✓ B. 2 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✗ D. 5 |

| Q.68 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>BZA 30 ZXY 41 XVW 52 VTU 63 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. TRS 74 |
| | ✗ B. TQR 73 |
| | ✗ C. TSR 74 |
| | ✗ D. TYE 73 |

| Q.69 | यदि 'A' का अर्थ '×' है, 'B' का अर्थ '÷' है, 'C' का अर्थ '–' है और 'D' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>27 B 3 D 5 A 10 C 12 D 15 C 27 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 35 |
| | ✗ B. 34 |
| | ✗ C. 36 |
| | ✗ D. 32 |

| Q.70 | निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?<br><br>24 ÷ 5 + 18 × 6 – 17 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 136 |
| | ✗ B. 132 |
| | ✓ C. 134 |
| | ✗ D. 130 |

| Q.71 | उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>BFL : EIO<br>KPI : NSL |
|---|---|
| Ans | ✗ A. DBH : THY |
| | ✗ B. APH : BSJ |
| | ✗ C. DJH : GMJ |
| | ✓ D. LQW : OTZ |

| Q.72 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।<br><br>यदि 'T – L # Q # P x E' है, तो E का T से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पुत्री का पुत्र |
| | ✗ B. पत्नी का भाई |
| | ✗ C. पुत्री का पति |
| | ✓ D. माता के पिता |

| Q.73 | यदि संख्या 73256 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✓ B. एक |
| | ✗ C. एक भी नहीं |
| | ✗ D. तीन |

| Q.74 | वार्नर बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 78 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 79 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 80 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 90 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण में 12 km |
| | ✓ B. उत्तर में 11 km |
| | ✗ C. उत्तर में 10 km |
| | ✗ D. दक्षिण में 13 km |

| Q.75 | एक निश्चित कूट भाषा में GYSU को 74 के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा MAKZ को 53 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में IHOW के लिए कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 51 |
| | ✗ B. 60 |
| | ✓ C. 57 |
| | ✗ D. 59 |

| Q.76 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएं) 745 768 729 716 721 (दाएं)<br>(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।<br>यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 10 |
| | ✘ B. 12 |
| | ✘ C. 14 |
| | ✘ D. 13 |

| Q.77 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>11 16 22 29 37 ? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 45 |
| | ✘ B. 43 |
| | ✘ C. 44 |
| | ✔ D. 46 |

| Q.78 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br>JLO−QSV<br>TVY−ACF |
|---|---|
| Ans | ✘ A. NOQ−TVY |
| | ✔ B. NPS−UWZ |
| | ✘ C. NOQ−UWZ |
| | ✘ D. NPS−TWY |

| Q.79 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✘ A. NR−TX |
| | ✘ B. KO−QU |
| | ✘ C. GK−MQ |
| | ✔ D. TX−YF |

| Q.80 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(बाएं) 5 2 8 1 6 3 7 9 4 2 8 7 1 9 6 4 3 5 9 8 2 1 1 7 6 3 (दाएं)।<br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. चार |
| | ✘ B. तीन |
| | ✘ C. पांच |
| | ✘ D. दो |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | NER जिला SDG सूचकांक 2023-24 के दूसरे संस्करण पर नीति आयोग की प्रेस विज्ञप्ति (जुलाई 2025) के अनुसार, जिलों को उनके SDG स्कोर के आधार पर कैसे वर्गीकृत किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अचीवर 90-100; फ्रंट रनर 70-89; परफॉर्मर 50-69; एस्पिरेंट <50 |
| | ✗ B. अचीवर 95-100; फ्रंट रनर 60-94; परफॉर्मर 45-59; एस्पिरेंट <45 |
| | ✔ C. अचीवर 100; फ्रंट रनर 65-99; परफॉर्मर 50-65; एस्पिरेंट <50 |
| | ✗ D. अचीवर 100; फ्रंट रनर 70-99; परफॉर्मर 55-69; एस्पिरेंट <55 |

| Q.82 | 2025 में, किस देश ने एक क्रांतिकारी हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया, जो यूरेनियम या प्लूटोनियम जैसी पारंपरिक विखंडनीय सामग्रियों के बिना, मैग्नीशियम हाइड्राइड-आधारित संलयन जैसी उन्नत संलयन तकनीकों का उपयोग करके कार्य करता है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. चीन |
| | ✗ B. रूस |
| | ✗ C. उत्तर कोरिया |
| | ✗ D. यू.एस. |

| Q.83 | 19 जून 2025 को किन दो देशों ने पूर्वी डी.आर. कांगो (DR Congo) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से शांति समझौते के मसौदे पर हस्ताक्षर किए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. डी.आर. कांगो और युगांडा |
| | ✔ B. डी.आर. कांगो और रवांडा |
| | ✗ C. डी.आर. कांगो और बुरुंडी |
| | ✗ D. डी.आर. कांगो और दक्षिण सूडान |

| Q.84 | इंडसइंड बैंक ने प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को समर्थन देने के उद्देश्य से अपना 'इंडस स्टार्टअप बैंकिंग' कार्यक्रम कब शुरू किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. जून 2025 |
| | ✔ B. अगस्त 2025 |
| | ✗ C. अप्रैल 2025 |
| | ✗ D. जुलाई 2025 |

| Q.85 | भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (National Green Hydrogen Mission) के तहत, 2030 तक लक्षित न्यूनतम वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्रति वर्ष 8 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) |
| | ✔ B. प्रति वर्ष 5 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) |
| | ✗ C. प्रति वर्ष 2 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) |
| | ✗ D. प्रति वर्ष 10 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) |

| Q.86 | 2024 में पेश किए गए भारत के पहले एआई (AI) शिक्षक का नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ईवा (Eva) |
| | ✗ B. सोफिया (Sophia) |
| | ✔ C. आइरिस (Iris) |
| | ✗ D. मीरा (Mira) |

| Q.87 | जुलाई 2025 में, किस राज्य सरकार ने सभी विभाग प्रमुखों को महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम, 2013 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हरियाणा |
| | ✗ B. महाराष्ट्र |
| | ✔ C. ओडिशा |
| | ✗ D. केरल |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 2025 में, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, जिसे पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, किस तारीख को पड़ेगी? |
| Ans | ✔ A. 23 जनवरी |
| | ✗ B. 21 फरवरी |
| | ✗ C. 17 मार्च |
| | ✗ D. 19 अप्रैल |

| | |
|---|---|
| Q.89 | 2025 में, निम्नलिखित में से किस देश के सीनेटरों ने 'इंडिया श्रिंप टैरिफ एक्ट' पेश किया था? |
| Ans | ✔ A. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| | ✗ B. कनाडा |
| | ✗ C. ऑस्ट्रेलिया |
| | ✗ D. यूनाइटेड किंगडम |

| | |
|---|---|
| Q.90 | निम्नलिखित में से किस राज्य ने राष्ट्रीय खेल 2025 में कुल मिलाकर सबसे अधिक पदक (स्वर्ण, रजत, कांस्य संयुक्त) जीते? |
| Ans | ✗ A. पंजाब |
| | ✗ B. तमिलनाडु |
| | ✔ C. महाराष्ट्र |
| | ✗ D. उत्तराखंड |

| | |
|---|---|
| Q.91 | कौन सी महिला एथलीट अप्रैल 2025 तक चार बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली इतिहास की दूसरी महिला बन गई? |
| Ans | ✗ A. रेबेका एंड्रेड |
| | ✗ B. सेरेना विलियम्स |
| | ✗ C. नाओमी ओसाका |
| | ✔ D. सिमोन बाइल्स |

| | |
|---|---|
| Q.92 | किस दिग्गज सर्फर को लॉरियस 2025 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हुआ? |
| Ans | ✗ A. स्टेफनी गिलमोर (Stephanie Gilmore) |
| | ✗ B. मिक फैनिंग (Mick Fanning) |
| | ✔ C. केली स्लेटर (Kelly Slater) |
| | ✗ D. टॉम कैरोल (Tom Carroll) |

| | |
|---|---|
| Q.93 | DRDO ने 23 अगस्त 2025 को एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) का प्रथम सफल उड़ान-परीक्षण कहाँ किया? |
| Ans | ✔ A. ओडिशा तट |
| | ✗ B. मुंबई तट |
| | ✗ C. गोवा तट |
| | ✗ D. चेन्नई तट |

| | |
|---|---|
| Q.94 | अप्रैल 2025 में भारत के 23वें विधि आयोग के अध्यक्ष कौन बने? |
| Ans | ✗ A. हितेश जैन |
| | ✔ B. न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी |
| | ✗ C. न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी |
| | ✗ D. प्रोफेसर डीपी वर्मा |

| | |
|---|---|
| Q.95 | जून 2025 में प्रकाशित संधारणीय विकास — लक्ष्य राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, वर्ष 2024-25 में इंटरनेट सब्सक्रिप्शन में वृद्धि मुख्य रूप से भारत में निम्नलिखित में से किस SDG का समर्थन करती है? |
| Ans | ✗ A. SDG 1 |
| | ✔ B. SDG 9 |
| | ✗ C. SDG 6 |
| | ✗ D. SDG 13 |

| | |
|---|---|
| Q.96 | किस केंद्रीय मंत्री ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 का उद्घाटन किया और अपनी यात्रा को "जीवन भर का अनुभव" बताया? |
| Ans | ✗ A. धर्मेंद्र प्रधान |
| | ✔ B. पीयूष गोयल |
| | ✗ C. राजीव चंद्रशेखर |
| | ✗ D. अश्विनी वैष्णव |

| | |
|---|---|
| Q.97 | नवंबर 2025 में ICC महिला क्रिकेट विश्व कप, 2025 में भारत की कप्तानी किसने की? |
| Ans | ✗ A. झूलन गोस्वामी |
| | ✔ B. हरमनप्रीत कौर |
| | ✗ C. स्मृति मंधाना |
| | ✗ D. मिथाली राज |

| | |
|---|---|
| Q.98 | अप्रैल 2025 में रेपो दर में कटौती के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक ने कौन-सा दृष्टिकोण (stance) अपनाया? |
| Ans | ✗ A. प्रतिबंधात्मक (Restrictive) |
| | ✔ B. समायोज्य (Accommodative) |
| | ✗ C. तटस्थ (Neutral) |
| | ✗ D. निवर्तित (Withdrawn) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | जनसंख्या जनगणना, 2027 में 1931 के बाद पहली बार कौन सा प्रमुख नया घटक शामिल होगा? |
| Ans | ✗ A. धर्म-वार शहरी जनगणना |
| | ✔ B. जाति-आधारित गणना |
| | ✗ C. व्यवसाय-आधारित मानचित्रण |
| | ✗ D. आय-आधारित वर्गीकरण |

| | |
|---|---|
| Q.100 | किस एथलीट ने 2025 के राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 400 m बाधा दौड़ में 58.11 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता? |
| Ans | ✗ A. ऐश्वर्या मिश्रा (Aishwarya Mishra) |
| | ✗ B. अंजलि देवी (Anjali Devi) |
| | ✔ C. विथ्या रामराज (Vithya Ramraj) |
| | ✗ D. रेवती वीरमणि (Revathi Veeramani) |

"